**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 25.02.2026 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **झारखंड विधानसभा सत्र के छठे दिन वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा–400 रूपये में एलपीजी सिलिंडर देने के वादों को अगले चार बर्षों के अंदर किया जायेगा पूरा।**
2. **सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ क्रिमिनल कार्रवाई पर लगाई रोक, प्रवर्तन निदेशालय को चार सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश।**
3. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक दिवसीय दौरे पर कल आएंगी झारखंड, जमशेदपुर के कदमा में श्री जगन्नाथ मंदिर की रखेंगी आधारशिला।**
4. **भोपाल–धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन का 27 फरवरी से शुरू होगा परिचालन, धनबाद से सप्ताह में तीन दिन चलेगी ट्रेन।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य के 20 जिलों में भारी बारिश और तेज आंधी का येलो अलर्ट किया जारी, 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती है तेज हवाएं।**

******************

झारखंड विधानसभा सत्र के छठे दिन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने विभिन्न जनसरोकार के मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन द्वारा चुनावी घोषणापत्र में 400 रूपये में एलपीजी सिलिंडर देने के वादों को अगले चार बर्षों के अंदर पूरा किया जायेगा। उन्होंने राज्य सरकार से बजट प्रावधानों के क्रियान्वयन की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की और कहा कि योजनाओं की राशि समय पर खर्च होनी चाहिए।

******************

सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की ओर से चल रही आपराधिक कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। अदालत ने इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर निर्धारित समय में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में कार्रवाई जारी रखने की अनुमति दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक दिवसीय दौरे पर कल झारखंड आएंगी। राष्ट्रपति कदमा में श्री जगन्नाथ मंदिर की आधारशिला रखेंगी और जमशेदपुर के बारीडीह स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में एक भवन के भूमि पूजन समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए गए हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति समारोह में उपस्थित रहेंगे।

******************

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री चौहान ने कहा कि सरकार उर्वरकों की उपलब्धता बढा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार नकली कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगा रही है और किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए जल्द ही किसान पहचान पत्र जारी करेगी। श्री सिंह ने ए.आई. संचालित बहुभाषी डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत विस्तार के बारे में जानकारी दी।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची स्थित झारखंड राय विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र एवं समाज के कल्याण में योगदान देने का आह्वान किया। मौके पर राज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप

इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि युवा तकनीक, नवाचार और आत्मनिर्भरता के माध्यम से देश को नई दिशा दे रहे हैं।

*****************

चतरा के सांसद काली चरण सिंह को मंगोलिया संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नामित किया गया है। लोक सभा सचिवालय से सूचना प्राप्त होने के बाद सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी और लोक सभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को धन्यवाद देते हुए कहा कि संसदीय मैत्री समूह के साथ जाना मेरे लिए अत्यंत गौरव, सम्मान और साथ ही बड़ी जिम्मेदारी का विषय है।

*****************

भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए धनबाद और भोपाल के बीच नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की घोषणा की है। भोपाल–धनबाद–भोपाल एक्सप्रेस का नियमित परिचालन 27 फरवरी से शुरू होगा। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन चलेगी और बोकारो थर्मल, रांची रोड, पतरातू, टोरी, डालटनगंज, गढ़वा, चोपन और सिंगरौली सहित कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी।

*****************

गिरिडीह जिले में हुए तीन नगर निकाय की मतगणना की तैयारी पूरी हो गई है। गिरिडीह डीसी राम निवास यादव ने कहा कि कृषि उत्पादन बाजार समिति में 27 फरवरी को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल पर तीन लेयर की सुरक्षा रहेगी।

*****************

धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में होली पर्व को लेकर आज न्यू टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने कहा कि नगर पालिका चुनाव में विजय होने वाले प्रत्याशियों को विजय जुलूस निकालने के लिए अनुमंडल कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य है।

*****************

सिविल कोर्ट धनबाद के मेल पर तमिलनाडु के अजीत कुमार नाम के एक शख्स ने ईमेल भेजकर सिविल कोर्ट को विस्फोटक से उड़ाने की धमकी दी। सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पूरे टीम ने कोर्ट परिसर की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कोर्ट परिसर से एक स्कूटर और 4 मोटरसाइकिल को पुलिस ने संदिग्ध मानकर अपने कब्जे में लिया। सिटी एसपी ने बताया कि परिसर में खड़े स्कूटर से एक रिमोट मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। वहीं उन्होंने पूरे कोर्ट परिसर को सुरक्षित बताया, जिसके बाद ढाई बजे से अदालत में न्यायिक काम शुरू हो पाया।

*****************

धनबाद में लगातार पुलिस अधिकारियों द्वारा बच्चा चोरी की अफवाह पर ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के निछानी पुल के पास तीन महिलाओं को बच्चा चोर समझकर जमकर पिटाई कर दी। आक्रोशित भीड़ ने पुलिस वाहन पर भी चप्पल और जूते फेंके। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने तीनों महिलाओं को छुड़ाया। सुरक्षित अपने कब्जे में लिया और थाने ले गई।

*****************

राज्य के 20 जिलों में भारी बारिश और तेज आंधी की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार कई इलाकों में 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और बिजली गिरने की भी आशंका है।

*****************

सीनियर एएफसी महिला एशियन कप के लिए घोषित 26 सदस्यीय भारतीय टीम में झारखंड की अष्टम उरांव को डिफेंडर के रूप में शामिल किया गया है, जिससे वह एशिया कप में खेलने वाली राज्य की पहली महिला फुटबॉलर बन गई हैं। गुमला जिले के बिशनपुर प्रखंड स्थित बनारी गोरा टोली गांव की निवासी अष्टम वर्तमान में भारतीय महिला टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही हैं और ईस्ट बंगाल एकेडमी टीम से खेलती हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित खेल विभाग के अधिकारियों और झारखंड फुटबॉल संघ ने उनकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

*****************